कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, शामली

पत्रांकः /जि0का0अ0/आं0बा0च0/2021–22 दिनांक 21.05.21

आंगनबाडी के रिक्त पदो पर भर्ती

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–11/2021/388/58–1–2020–2/1(22) 10टी0सी0 दिनांक 29.01.2021 के प्रावधानो के अनुसार जनपद शामली में आंगनबाड़ी केन्द्रो पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार पद रिक्त है, जिन पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	रिक्त पदो का विवरण		
		आंगनबाड़ी कार्यकत्री	मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री	आंगनबाड़ी सहायिका
1	2	3	4	5
1	शामली	18	01	16
2	थानाभवन	19	0	22
3	ऊन	31	5	48
4	कैराना	11	5	23
5	कांधला	13	0	13
	कुल योग	**92**	**11**	**122**

उपरोक्त पदो का ग्रामवार विवरण एवं आरक्षण तथा अर्हता विभागीय वेबसाइट http://balvikasup.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।

विशेष निर्देश :–

1. उक्त पदो हेतु केवल महिला अभ्यर्थी पात्र होगी और आवेदन केवल ऑनलाइन http://balvikasup.gov.in पर किया जा सकेगा।
2. आंगनबाड़ी कार्यकत्री व मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल एवं सहायिका के लिए कक्षा 05 पास होना आवश्यक है।
3. आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका की नियुक्ति हेतु आयु सीमा 21 वर्ष से 45 वर्ष होनी चाहिए।
4. आवेदिका को रिक्त पद के ग्राम पंचायत का निवासी होना अनिवार्य है।
5. सहायिका/विधवा/तलाकशुदा/गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले अभ्यर्थी को चयन में वरीयता दी जायेगी। गरीबी रेखा का मानक ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080/– वार्षिक आय होगी।
6. रिक्त पदो का विवरण ग्रामसभावार, जातिवार सम्बन्धित बाल विकास परियोजनाओ के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करा दिया गया है।
7. ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 11.06.2021 होगी।
8. उपरोक्त पदो की अर्हता आवेदन प्रक्रिया एवं विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें तथा http://shasnadesh.up.in से उपरोक्त शासनादेश डाउनलोड कर ठीक प्रकार से पढ़ लें।
9. चयन प्रक्रिया पूर्णतः शासनादेश के अनुरूप पारदर्शी तरीके से चयन समिति द्वारा की जाएगी।

(संतोष कुमार श्रीवास्तव)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
शामली

Scanned with CamScanner

पृष्ठांकन C-55 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदया, शामली।
3. मुख्य विकास अधिकारी, शामली।
4. जिला सूचना अधिकारी, शामली को इस अनुरोध के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को किन्ही 02 प्रमुख समाचार पत्रो में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, शामली को इस अनुरोध के साथ कि शामली के एन0आई0सी0 पोर्टल पर विज्ञापन अपलोड कराने का कष्ट करें।
6. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद शामली को इस निर्देश के साथ कि अपनी–अपनी परियोजना पर रिक्त पदो का विवरण परियोजना मुख्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
शामली

Scanned with CamScanner